INS
THE INDIAN NEWSPAPER SOCIETY
Member
The Indian Newspaper Society

वर्ष II अंक 7
मई 2017
कुल प ष्ठ संख्या : 132
(आवरण सहित)
मूल्य ₹50

संपादक
डॉ. संजय
कार्यकारी संपादक
डॉ. पवन कुमार
सहायक संपादक
जावेद आर सिद्दीकी
अनुसंधान टीम
एम टायरा
नागेन्द्र कुमार सिन्हा
के कुन्दन
नरेन्द्र कुमार
राजीव कुमार सिंह
रवि रंजन
आशुतोष महाराज
उमाकांत शुक्ला
सलाहकार संपादक
चेतनानंद सिंह
ग्राफिक्स, लेजर टाइपसेटिंग
एवं आवरण सज्जा
अभ्यानन्द सिन्हा, प्रमोद झा, पंकज नारंग

बीएससी पब्लिशिंग कं. प्रा. लि.
के लिए प्रकाशक और मुद्रक
**मनोज कुमार** द्वारा
एल.बी. इंटरप्राइजेज,
जी-24, गांव-गागीपुर,
दिल्ली-110096 से मुद्रित व
सी-37, गणेश नगर,
पांडव नगर कॉम्पलेक्स,
दिल्ली-110092 से प्रकाशित
संपादक : **डॉ. संजय**

# दो शब्द.......

*एक गरीब व्यक्ति था। वह बहुत ही परेशान रहता था। घर की तमाम उलझनों के कारण वह अक्सर चिंतित रहता था। वह दिन-रात बस यही सोचता रहता था कि किसी तरह उसकी गरीबी खत्म हो जाए और उसके सभी दुःख दूर हो जाएं।*

*एक दिन वह अपने खेतों पर जा रहा था कि उसके गांववालों ने बताया कि पास में एक महात्मा जी ठहरे हैं। वह बहुत ही ज्ञानी हैं। अगर वह उनसे मिल ले तो उसके दुःख दूर हो सकते हैं। उम्मीद के साथ वह महात्मा जी से मिलने पहुंचा। महात्मा जी से मिलने के बाद उसने अपने दुःख का कारण बताया।*

*उसकी बातों को सुनकर महात्मा जी ने तीन गठरी निकाली और बोले, "इन तीनों में से किसी एक को तुम अपने पास रख सकते हो।" तीनों गठरियों के ऊपर अलग-अलग नाम लिखे थे। पहले पर धन, दूसरे पर अवसर और तीसरे पर मेहनत लिखा था।*

*धन की गठरी को देखकर उसने सोचा कि जब ये मेरे पास होगी तो मेरे सारे दुःख दूर हो जाएंगे। इसके बाद मुझे अवसर की क्या जरूरत होगी? जब धन रहेगा तो फिर मुझे मेहनत करने की जरूरत भी नहीं रहेगी। ऐसा सोचकर उसने धन वाली गठरी को अपने पास रख लिया।*

*इसके बाद उसने महात्मा जी से अन्य दोनों गठरियों की महत्ता के बारे में पूछा। महात्मा जी ने कहा कि अगर तुम सिर्फ अवसर की तलाश में रहोगे तो कभी भी मेहनत करना नहीं चाहोगे। हमेशा यही सोचते रहोगे कि कब मेरा अच्छा समय आएगा और कब मैं अमीर व्यक्ति बनूंगा। ऐसा सोचते हुए जिन्दगी के अनमोल पलों को नष्ट कर दोगे। यदि तुम मेहनत पर विश्वास करते हो तो अपने बुरे से बुरे अवसर को भी अच्छे समय में परिवर्तित कर सकते हो और मेहनत के बल पर अधिक से अधिक धन कमा सकते हो।*

*इसलिए अब तुम बताओ कि कौन-सी गठरी लेना पसंद करोगे? महात्मा जी की बातों के महत्व को समझ कर उसने मेहनत की गठरी उठा ली। उसने कहा, "अब मुझे समझ में आ गया कि मैं जितने दिनों से सोचता रहा अगर उतने दिनों से मेहनत करता तो शायद आजतक मेरे दुःख दूर हो गए होते।" अतः हर सुख या सफलता के पीछे सिर्फ और सिर्फ मेहनत ही होता है। जो लोग मेहनती होते हैं वे अपने हर दुःख और विपरीत परिस्थितियों को अपने अच्छे समय में बदल लेते हैं।*

***प्रकाशक की पूर्वानुमति के बिना पत्रिका के किसी भी भाग का पुनःप्रकाशन नहीं किया जा सकता है।***

## इस अंक में ...

नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति
*सबके लिए स्वास्थ्य सुविधाएं*
4

सामयिक मुद्दे
5

मैच पॉइंट
7

समसामयिकी
9

प्रैक्टिस सेट
द न्यू इंडिया एश्योरेन्स कं. लि. सहायक (पीटी)
27

प्रैक्टिस सेट
एसबीआई पीओ (पीटी)
36

प्रैक्टिस सेट
एसबीआई पीओ (मुख्य परीक्षा)
58

प्रैक्टिस सेट
एसएससी संयुक्त स्नातक स्तर टियर-I
107

ज्ञानकोश
126

**BSC Courses** के लिए हमारी वेबसाइट पर संपर्क करें
***www.bscacademy.com, www.bsccareer.com***
आप ई-मेल कर सकते हैं : *bscacademy@gmail.com, bscpublication@gmail.com*
फोन : *011-22484910, 011-22484911, 011-22484912, 011-22484913*

# खेल

## लॉन टेनिस

### दुबई ओपन

विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी ब्रिटेन के **एंडी मरे** ने 5 मार्च 2017 को दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष एकल के फाइनल में स्पेन के फर्नांडो वर्डास्को को हराकर 2017 का अपना पहला खिताब जीता। मरे ने वर्डास्को को 6-3, 6-2 से हराया। यह पहली बार है जब किसी ब्रिटिश खिलाड़ी ने दुबई ओपन का खिताब जीता है। तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता मरे के करियर का यह 45वां खिताब है।

महिला एकल का खिताब यूक्रेन की **एलिना स्वितोलीना** ने डेनमार्क की कैरोलीना वोजनियास्की को हराकर जीता। पुरुष युगल का खिताब जीन जूलियन रोजर (नीदरलैंड) एवं होरिया टेकाऊ (रोमानिया) की जोड़ी ने रोहन बोपन्ना (भारत) एवं मार्सिन मातकोवस्की (पोलैंड) की जोड़ी को हराकर जीता। महिला युगल का खिताब कैटेरीना माकारोवा एवं एलेना वेस्नीना (दोनों रूस) की जोड़ी ने आंद्रिया हलावकोवा (चेक गणराज्य) एवं पेंग शुएई (चीन) की जोड़ी को हराकर जीता।

### इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट

इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट का आयोजन 9 से 19 मार्च 2017 के मध्य अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुआ। स्विट्जरलैंड के **रोजर फेडरर** ने **स्टेन वावरिंका** को हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स टूर्नामेंट का खिताब हासिल किया। फेडरर ने खिताबी मुकाबला 6-4, 7-5 से जीता। फेडरर ने यह खिताब पांचवीं बार जीतकर नोवाक जोकोविच के इस टूर्नामेंट के सर्वाधिक बार जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की।

### ब्राजील ओपन

एटीपी टूर पुरुष टेनिस प्रतियोगिता ब्राजील ओपन साओ पाउलो में 27 फरवरी से 6 मार्च 2017 के मध्य संपन्न हुई। उरुग्वे के **पाब्लो क्यूवास** ने स्पेन के अल्बर्ट रामोस विनोला को फाइनल में हराकर लगातार तीसरी बार ब्राजील ओपन के पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता।

### मेक्सिको ओपन

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी **सैम क्वेरी** ने एटीपी मेक्सिको ओपन हार्ड कोर्ट टेनिस टूर्नामेंट जीत लिया। क्वेरी ने स्पेन के राफेल नडाल को 6-3, 7-6 से हराया। नडाल 2005 और 2013 में इस टूर्नामेंट को जीत चुके हैं। यह क्वेरी का नौवां एटीपी खिताब है। महिलाओं में यूक्रेन की **लेसिया सुरेंको** चैंपियन बनीं। सुरेंको ने फाइनल में फ्रांस की क्रिस्टिना मलादेनोविक को 6-1, 7-5 से पराजित कर करियर का तीसरा डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता।

## क्रिकेट

### विजय हजारे ट्रॉफी

**तमिलनाडु** ने दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में 20 मार्च 2017 को **बंगाल** को 37 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी पर कब्जा किया। तमिलनाडु ने बंगाल को विजय हजारे ट्रॉफी में चौथी बार हराया है। इससे पहले वर्ष 2008, वर्ष 2009 और वर्ष 2010 में भी तमिलनाडु ने यह कारनामा किया था। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 217 रनों का लक्ष्य रखा था। जिसके जवाब में बंगाल की टीम 45.5 ओवर में 180 रनों पर ही आउट हो गई। **दिनेश कार्तिक** को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

विदित हो कि विजय हजारे ट्रॉफी को रणजी वनडे ट्रॉफी के रूप में भी जाना जाता है। विजय हजारे ट्रॉफी को वर्ष 2002-03 में सीमित ओवरों के टूर्नामेंट के रूप में शुरू किया गया था। तमिलनाडु विजय हजारे ट्रॉफी में सर्वाधिक बार विजेता रहा है। वर्ष 2016 में गुजरात ने विजय हजारे ट्रॉफी जीती थी।

### बॉर्डर-गावस्कर सीरीज

**भारत** ने 28 मार्च 2017 को ऑस्ट्रेलिया को धर्मशाला टेस्ट में 8 विकेट से पराजित कर 4 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज **2-1** से जीत ली। सीरीज का पहला टेस्ट पुणे में खेला गया था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। भारत ने बेंगलुरु टेस्ट 75 रनों से जीत कर सीरीज में बराबरी की जबकि रांची में खेला गया तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा था। **रवींद्र जडेजा** को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। भारतीय टीम ने आखिरी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी वर्ष 2012-13 में 4-0 से जीती थी। इस सीरीज की शुरुआत वर्ष 1996-97 में हुई थी।

### ओप्पो भारतीय क्रिकेट टीम का नया प्रायोजक

7 मार्च 2017 को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा मोबाइल निर्माता कंपनी 'ओप्पो मोबाइल्स इंडिया लिमिटेड' को भारतीय क्रिकेट टीम का नया प्रायोजक बनाने की घोषणा की गयी। ओप्पो ने इसके लिए बीसीसीआई के साथ 1079 करोड़ रुपए का समझौता किया है। ओप्पो अप्रैल 2017 से **पांच वर्षों** के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का प्रायोजक होगा। ओप्पो 'स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' का स्थान लेगा जिसे वर्ष 2013 में टीम का प्रायोजक बनाया गया था। विदित हो कि ओप्पो एक वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता कंपनी है जो वर्तमान में 20 से अधिक देशों में कार्यरत है। इसका मुख्यालय चीन के गुआंग्दोग में है।

# शीघ्र सब्सक्राइब करें! "बैंकिंग सर्विसेज़ क्रॉनिकल"

**कृपया इस कूपन को काटकर अपने भुगतान के साथ हमें मेल करें।**

**हाँ! मुझे मेरा "बैंकिंग सर्विसेज़ क्रॉनिकल" भेजें**

16.5% छूट के साथ 3 महीनों के लिए अर्थात् ₹125/- ☐ 25% छूट के साथ 6 महीनों के लिए अर्थात् ₹225/- ☐

30% छूट के साथ 1 वर्ष के लिए अर्थात् ₹420/- ☐

**नाम :** .................................................................... **आयु :** ..................

**पता :** ....................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**राज्य :** .................................................................... **पिन :** ..................

**मोबाइल नं. :** ........................................ **ई-मेल :** ........................................

**नोट :** *यह आवश्यक है कि आप अपना मोबाइल नं. या ई-मेल (कम से कम दो में से कोई एक) हमें दें। इसके उपरांत ही सब्सक्रिप्शन के लिए आपके अनुरोध को स्वीकार किया जाएगा।*

**सब्सक्रिप्शन दर** (प्रति वर्ष 12 अंक) NEWS STAND @ ₹50/-

| **समयावधि** | **तीन माह** | **छः माह** | **एक वर्ष** |
|---|---|---|---|
| News stand | ₹150.00 | ₹300.00 | ₹600.00 |
| आपको भुगतान करना है | ₹125.00 | ₹225.00 | ₹420.00 |

मैं "**BSC Publishing Co. Pvt. Ltd.**" payable at **Delhi** के पक्ष में डिमांड/मनीऑडर नं. ....................दिनांक.............राशि ₹........... बैंक का नाम ............. संलग्न कर रहा/रही हूं।

इसे सब्सक्रिप्शन मैनेजर, **BSC PUBLISHING CO. PVT. LTD.,** सी-37, गणेश नगर, पांडव नगर कॉम्प्लेक्स, दिल्ली–110092 के पास भेजें। सब्सक्रिप्शन प्रारंभ करने के लिए क पया हमें 4-6 सप्ताह का समय दें। पत्रिका प्रतिमाह साधारण डाक से आपको भेजी जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए हमें **bscpublication@gmail.com** पर ई-मेल करें।